Title: Need to make Malda Town Railway Station a Model Railway station and provide stoppage of Vande Bharat Express at the station and introduce train services from Malda Town Railway Station to New Delhi and Bengaluru- laid

श्री खगेन मुर्मु (माल्दहा उत्तर): मेरे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का मालदा टाउन रेलवे स्टेशन अति व्यस्त रेलवे स्टेशन है जहां से प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग यात्रा करते हैं विशेष रूप से इलाज के लिए और अपने अन्य व्यवसाय कार्य से हजारों लोग दिल्ली, बेंगलुरु और दक्षिण भारत के अन्य शहरों की यात्रा करते हैं। मालदा टाउन से होकर इन शहरों को जाने वाली ट्रेने बहुत कम है और जो ट्रेन चलती हैं उनमें मालदा टाउन का कोटा बहुत कम होने के कारण यात्रियों को कंफर्म टिकट नहीं मिल पाता है और यात्रा में बहुत कठिनाई होती हैं। इन्हीं तत्वों के दृष्टिगत में माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान निम्नलिखित प्रस्ताव पर आकृष्ट करना चाहता हूं।

1. मालदा टाउन रेलवे स्टेशन को मॉडल रेलवे स्टेशन की तरह बनाया जाए एवं मालदा रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस (गुवाहाटी से नई दिल्ली) का ठहराव किया जाए

2. मालदा टाउन से नई दिल्ली और बेंगलुरु के लिए एक सुपरफास्ट ट्रेन चलाई जाए मालदा टाउन से होकर जाने वाली सभी ट्रेनों में अलग अलग से एक-एक कोच (मालदा टाउन कोटा) लगाए जाए अगर यह संभव ना हो तो मालदा के लिए अधिकतम संभव कोटा आवंटित किया जाए।